आकाशवाणी श्री विजयपुरम

17.07.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही चंडीगढ़ में चार हजार सात सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

2. नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन में निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रबंधन डिजिटल तकनीक और मतदाता जागरुकता पर बल दिया।

3. होप टाउन जेट्टी पर आई ओ सी एल के नेतृत्व में आपदा से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों ने संयुक्त आपदा पूर्वाभ्यास किया।

4. भारतीय खेल प्राधिकरण और पर्यटन निदेशालय के समन्वय से आइलैंड मॉनसून साइक्लिंग टूर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सड़क अवसंरचना जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग चार हजार सात सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पाँच सौ पाँच करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक मातृ और शिशु देखभाल केंद्र और चार सौ चालीस करोड़ रुपये की लागत से तैयार उन्नत तंत्रिका विज्ञान केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया। श्री मोदी ने जीरकपुर–कुराली ग्रीनफील्ड राजमार्ग को भी राष्ट्र को समर्पित किया और जीरकपुर बाईपास तथा चंडीगढ़ एयरपोर्ट एयरोसिटी ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चंडीगढ़ के विकास का लाभ हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के लोगों तक भी पहुंच रहा है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से सोनीपत के बीच चलने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को रवाना किया। भारत में ही डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत की गई यह रेलगाड़ी स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित की गई है, जो उन्नत रेलवे इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है।

बाइट–पी एम– 38 से.

<><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन–2026 का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करना और जनता तक सटीक तथा विश्वसनीय चुनावी जानकारी पहुँचाने में मीडिया की भूमिका को मजबूत करना था। सम्मेलन में मिजोरम सहित देशभर के पत्रकारों और चुनाव अधिकारियों ने भाग लिया। निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने चुनाव प्रबंधन, डिजिटल तकनीक और सूचना प्रसार से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। सम्मेलन में आयोग की हालिया पहलों, मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न चुनावी विषयों पर चर्चा की गई। आयोग का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य मीडिया की समझ को और मजबूत बनाना है, ताकि चुनाव संबंधी तथ्यात्मक जानकारी प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचाई जा सके।

<><><><><><>

डिगलीपुर में आज भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ आरंभ हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथयात्रा में भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, बहुदा (वापसी) रथयात्रा 24 जुलाई को निकाली जाएगी।

<><><><><><>

समुद्री प्रशासन महानिदेशालय ने अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों की तैनाती नहीं करने के निर्देश दिए हैं। यह परामर्श खाड़ी क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और हाल में वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों को देखते हुए जारी किया गया है। महानिदेशालय ने कहा है कि भारतीय नाविकों और जहाजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आपात स्थिति में संबंधित नियंत्रण केंद्रों से तत्काल संपर्क करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

होप टाउन जेट्टी स्थित मैनिफोल्ड के पास आज अग्नि दुर्घटना से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के लिए आपदा पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया। यह अभ्यास इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के होप टाउन बॉटलिंग प्लांट द्वारा आपदा प्रबंधन निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार पुलिस, एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, अंडमान एवं निकोबार अग्निशमन एवं आपात सेवा तथा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के समन्वय से किया गया। आईओसीएल के कर्मचारियों और टीम ने आग पर काबू पाने के लिए कार्रवाई शुरू की। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में पर्यवेक्षकों ने अभ्यास के दौरान सामने आई कमियों और सुधार के क्षेत्रों की जानकारी दी।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ ने दक्षिण अंडमान ओपन जिला एथलेटिक्स चौंपियनशिप की तिथियों में संशोधन किया है। अब यह प्रतियोगिता 25 और 26 जुलाई को नेताजी स्टेडियम, श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। संघ के महासचिव द्वारा जारी सूचना के अनुसार, प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 23 जुलाई तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी मोबाइल नंबर 9933–248–121 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से उन्नीस जुलाई को आइलैंड मॉनसून साइकलिंग टूर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ओपन पुरूष और महिला श्रेणियो में साइक्लिंग टूर आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम सुबह साढ़े छ बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर गर्ल्स स्कूल, जे एन आर एम कॉलेज, गवर्मेंट प्रेस, सिंकलेयर होटल, मंजार पहाड़, विज्ञान केन्द्र होते हुए कार्बाइंस कोव तट पर समाप्त होगी।

<><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परामर्श प्रक्रिया बीस जुलाई से शुरू होगी। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थियों की श्रेणीवार अंतिम मेरिट सूची कल कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण के बाद अपलोड की जाएगी। नियमित कक्षाएं 27 जुलाई से प्रारंभ होंगी। अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित तथा जेएनआरएम आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों को संबंधित पाठ्यक्रम की पृथक अंतिम मेरिट सूची के अनुसार सुबह के सत्र में होने वाली परामर्श प्रक्रिया में उपस्थित होना होगा। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को अंतिम मेरिट सूची में दिए गए क्रमांक तथा सुबह और दोपहर बाद के सत्र के अनुसार परामर्श प्रक्रिया में भाग लेना होगा। यदि सुबह के सत्र के बाद सीटें रिक्त रहती हैं, तभी दोपहर बाद के सत्र में परामर्श आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम का ई–प्रॉस्पेक्टस कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया 20 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक जारी रहेगी।

<><><><><><>

विशाखापत्तनम् स्थित दामोदरम् संजीवय्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी. सूर्य प्रकाश राव ने आज अंडमान लॉ कॉलेज में आयोजित काउंसलिंग के बाद पाँच वर्षीय एकीकृत बीए एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए चयनित सैंतीस अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा से योग्य अधिवक्ताओं का निर्माण होता है और इससे देश की न्यायपालिका सुदृढ़ होती है। डॉ. राव ने कहा कि लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की शुरुआत विधि महाविद्यालयों के कक्षाओं से होनी चाहिए। प्रो. राव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षा संस्थान से लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का विश्वास व्यक्त करते हुए अंडमान विधि महाविद्यालय को मार्गदर्शक विश्वविद्यालय के रूप में डी एस एन एल यू की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><>